दैनिक
प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र



मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 288 मुरादाबाद 14 February 2022 (Monday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## यूपी में कांग्रेस के बिना नहीं बन सकती किसी की सरकार, इमरान प्रतापगढ़ी ने बीजेपी-एसपी पर खूब चलाए तीर




कांग्रेस नेता एवं शायर इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा उत्तर प्रदेश में कोई भी कांग्रेस के बिना सरकार नहीं बना सकता। कांग्रेस लगातार देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों, दलितों एवं अल्पसंख्यकों के हक में आवाज उठा रही है। उन्होंने अपील की कि आवाम विकास तरक्की एवं बच्चों के भविष्य के लिए कांग्रेस को वोट दें। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय चेयरमैन इमरान प्रतापगढ़ी ने शनिवार को रामपुर जिले के चमरौआ से कांग्रेस प्रत्याशी अली युसूफ अली के लिए वोट मांगे। खौद में हुई चुनावी सभा में बोलते हुए कांग्रेस नेता ने कहा पूरे उत्तर प्रदेश में कांग्रेस अपने दम पर चुनाव लड़ रही है और सरकार भी कांग्रेस के बिना किसी की नहीं बन सकती। उन्होंने कहा कांग्रेस जनता के मुद्दों और उनके हितों की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ रही है। कहा लखनऊ से लेकर लखीमपुर तक कांग्रेस सड़कों पर दिखी जबकि आपके वोटों पर हक दिखाने वाले अपने घरों में छुपे बैठे रहे। सपा प्रत्याशी पर निशाना साधते हुए कहा ऐसा रहनुमा मत सुनो जिसे सहारा देकर चलाना पड़े। बल्कि ऐसा रहनुमा चुनो जो आप सब को अपने साथ लेकर चले। इससे पहले कांग्रेसी नेता ने अपने शायराना अंदाज में भाजपाइयों पर खूब तीर छोड़े। कहा हमारा चौकीदार ही आज हमारी सारी संपत्ति को बेचने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा बीते पांच सालों में भाजपा ने सिर्फ हिंदू-मुस्लिम के अलावा कुछ नहीं किया। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी अली युसूफ अली ने लोगों से वोट देने की भावुक अपील की। इस मौके पर कांग्रेस नेता मुतिउर रहमान बबलू, डॉ मोहम्मद फईम, मोहम्मद तारिक एडवोकेट, आदि तमाम समर्थक मौजूद रहे।

### हेलीकॉप्टर से पहुंचे इमरान प्रतापगढ़ी, उमड़ी भीड़


खौद में कांग्रेस प्रत्याशी अली युसूफ अली के समर्थन में शायर इमरान प्रतापगढ़ी हेलीकॉप्टर से पहुंचे। प्रशासन द्वारा बनवाए गए हेलीपैड पर पुलिस का सख्त पहरा था। लेकिन जैसे ही इमरान प्रतापगढ़ी का उड़न खटोला दिखाई दिया लोगों की भीड़ हेलीपैड की ओर दौड़ने लगी। इस दौरान भीड़ को रोकने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सभा के बाद तकनीकी कमी के चलते हेलीकॉप्टर करीब आधा घंटा तक हेलीपैड पर ही खड़ा रहा। इस दौरान हेलीपैड के चारों ओर समर्थकों की भीड़ लगी रही।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा, ईमानदार टैक्सपेयर्स को हम दे रहे हैं रियायतें और राहत



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक दैनिक अखबार से खास बातचीत के दौरान ईमानदार टैक्सपेयर को लेकर विस्तार से बात की। उनसे सवाल किया गया कि आप ईमानदार टैक्सपेयर की हमेशा तारीफ करते हैं, लेकिन उन्हें ईमानदार होने का कोई वित्तीय लाभ या पुरस्कार नहीं दिया गया, इस बार के बजट में भी उनके लिए अलग से कोई घोषणा नहीं की गई। इसका उन्होंने उदाहरण के साथ विस्तार से जवाब दिया।

### ईमानदार टैक्सपेयर को रियायतें और राहत दे रहे हैं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले साढ़े सात वर्षो में हमने लगातार इस तरह के कदम उठाए हैं जो साल दर साल ईमानदार टैक्सपेयर्स को छोटी-बड़ी सभी तरह की रियायतें और राहत दे रहे हैं। इसलिए यह कहना कि टैक्सपेयर को हमारी सरकार कोई लाभ नहीं पहुंचा रही है, यह बात ठीक नहीं है।

### लोगों को टैक्स में बचत के अवसर दिए

उन्होंने कहा, "हमारी सरकार ने पिछले सात-आठ साल में ऐसे बहुत सारे कार्य किए हैं, जो ईमानदार टैक्सपेयर को प्रेरित करते हैं, प्रोत्साहित करते हैं और उन्हें सम्मानित भी करते हैं। हम भारत में पहली बार एक टैक्सपेयर चार्टर लाए हैं, जिसके अंतर्गत ईमानदार टैक्सपेयर की बात हुई, उसके अधिकारों की बात हुई। जहां तक वित्तीय लाभ की बात है तो आप देखिए कि 2014 में जिस टैक्सपेयर की आय पांच लाख रुपये थी, उसको 13,000 रुपये का टैक्स देना पड़ता था। यह राशि अब शून्य हो गई है। 15 लाख की आय वाला व्यक्ति जो 2014 में करीब-करीब एक लाख 90 हजार रुपये टैक्स देता था, आज एक लाख 24 हजार रुपये टैक्स देता है यानी 66 हजार की बचत। और यह तो सिर्फ आयकर की बात है।"

### लोगों के लिए लोन सस्ते किए

पीएम मोदी ने कहा, "अगर आप और क्षेत्रों की भी बात करें, जैसे कि ऋण लेने की बात हो तो जो ईमानदार टैक्सपेयर गाड़ी, घर या बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए ऋण लेता था, उसको भी सहूलियत मिली है। उच्च शिक्षा का ऋण जो 14.75 प्रतिशत ब्याज दर पर मिलता था, आज 8.65 प्रतिशत ब्याज दर पर दिया जा रहा है। उसी तरह जो घर खरीदने का सपना देखता है, उसे आज पहले के 10.3 प्रतिशत के मुकाबले अब साढ़े छह प्रतिशत पर लोन मिल रहा है। अपनी गाड़ी का सपना देखने वाला आज 12 प्रतिशत ब्याज देने की जगह साढ़े सात प्रतिशत ब्याज पर कर्ज ले सकता है। जो महंगाई की दर 2014 में हमारे सत्ता में आने से पूर्व नौ से दस प्रतिशत थी, आज वह चार से छह प्रतिशत के बीच में रहती है।"

### लोगों के बिजली बिल में 19,000 करोड़ रुपये की कमी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "अगर हम किसी चीज पर 19,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी देने की घोषणा करें तो हेडलाइन बन जाती। हमने कुछ ऐसा ही किया है, लेकिन एक अलग तरीके से। एलईडी बल्ब की अगर बात करें तो बहुत सस्ती कीमत पर 36 करोड़ से अधिक एलईडी बल्ब वितरण से लोगों के बिजली बिलों में प्रति वर्ष 19,000 करोड़ रुपये की बचत हुई है। हमारे आने से पहले इन बल्बों की कीमत 300-350 रुपये हुआ करती थी, लेकिन अब यह सिर्फ 70-80 रुपये है।"

### हवाई यात्रा और बाहर खाना सस्ता हुआ


पीएम मोदी ने कहा, "हवाई यात्रा भी लोगों के लिए अधिक किफायती हो गई है। विशेष रूप से उड़ान योजना के कारण अब हवाई जहाज की यात्रा अधिक सस्ती हुई। कई रूट पर तो किराया 3,000 रुपये से भी कम है। एक और बात पर ध्यान दीजिए। पहले बाहर खाना खाने पर 18-20 प्रतिशत के आसपास टैक्स हुआ करता था। मतलब कि 500 रुपये के बिल पर लगभग 100 रुपये का टैक्स। अब, यह सिर्फ पांच प्रतिशत है। यानी, अब अगर 500 का बिल आया तो टैक्स लगा सिर्फ 25 रुपये।

### मोबाइल इंटरनेट का उपयोग बढ़ा

प्रधानमंत्री ने कहा, "आज मोबाइल इंटरनेट का उपयोग बहुत व्यापक हो गया है। ऐसा इसलिए हो पाया है क्योंकि भारत उन देशों में से एक है जहां सबसे सस्ता इंटरनेट डाटा मिलता है। 2014 में एक जीबी के लिए लगभग 250 रुपये देने पड़ते थे, अब एक जीबी के सिर्फ छह या सात रुपये देने पड़ते हैं। जहां तक वॉयस काल का सवाल है, इसके रेट में भी काफी कमी आई है। सच कहा जाए तो कई लोगों के लिए यह लगभग मुफ्त है।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# बारात में आए जेवर और कपड़े देखकर भड़क गई दुल्हन, जयमाल के बाद शादी से कर दिया इनकार



शादी-बारातों में दूल्हा और दुल्हन पक्ष की ओर से छोटी-छोटी बातों के चलते कई बार रिश्ता टूटने की खबरें सामने आई हैं। हालांकि इस जो मामला सामने आया है वह एक अलग तरह का केस है। यूपी के गोरखपुर जिले के एक गांव में शादी थी। दोनों ओर से शादी की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। लड़की पक्ष के लोग बारात का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। आखिर वह दिन भी आ गया और बारात भी लड़की के दरवाजे पर पहुंच गई। शादी की सभी रस्मे शुरू हो चुकी थीं। जयमाल का कार्यक्रम भी हो चुका था। इसी बीच दुल्हन को कुछ ऐसा दिखा कि उसने सीधे शादी करने से ही मना कर दिया। दुल्हन को काफी समझाया गया लेकिन उसने शादी करने के लिए हामी नहीं भरी और आखिर में दूल्हा बिना दुल्हन के ही बारात लेकर घर लौट गया। गोरखुपर जिले के गुलरिहा क्षेत्र के करमौरा गांव में खुटहन खास गांव से शुक्रवार को बारात आई थी। बारातियों की लड़की वालों की तरफ से खूब खातिरदारी की गई। द्वारचार के बाद जयमाल का कार्यक्रम भी शुरू हो चुका था। जयमाल स्टेज पर दूल्हा-दुल्हन ने एक-दूसरे को जयमाला पहनाई। इस दौरान कुछ बारात खाना खाकर घर जा चुके थे। इसके बाद दूल्हा पक्ष की ओर से लाया गया डाल का सामान दुल्हन के घर पहुंचाया गया। दुल्हन पक्ष के लोगों ने डाल का सामान खोला तो उसमें गहने और कपड़े देखकर दुल्हन और उसके घर वाले नाराज हो गए। लड़का पक्ष की तरफ से जो गहने और कपड़े लाए गए थे वह न तो दुल्हन को पसंद थे और न ही उसके परिवार वालों को। लड़की पक्ष के लोगों ने लड़के पक्ष से इस बारे में बात की तो दोनों ओर से कहासुनी शुरू हो गई। दोनों ओर से कुछ देर तक चली कहासुनी के बाद दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया। दोनों से दुल्हन को समझाने का प्रयास किया गया लेकिन दोनों ओर से बात नहीं बन सकी। इसके दूल्हे को बिना दुल्हन के ही बारात को वापस ले जाना पड़ा। इस मामले में जब रिश्तेदारों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दुल्हन को शुरू से ही लड़का पसंद नहीं था। उसने सगाई के वक्त भ दूल्हे को नापसंद कर दिया था, लेकिन कुछ बंदिशों के चलते लड़की ने शादी के लिए हामी भर दी थी। हालांकि दोनों ओर से किसी ने भी पुलिस से शिकायत नहीं की है।

# 55 विधानसभाओं पर 733 कंपनी केन्द्रीय पुलिस बल तैनात करेगा चुनाव आयोग



दूसरे चरण में प्रदेश के नौ जिलों की 55 विधानसभा सीटों पर 14 फरवरी को होने वाले चुनाव के दौरान बूथों पर 733.44 कंपनी केंद्रीय पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा पर्याप्त संख्या में पुलिस व पीएसी के जवान भी तैनात रहेंगे। सभी 12538 मतदान केंद्रों पर तैनाती के लिए 794.1 कंपनी केंद्रीय पुलिस बल उपलब्ध कराया गया है। इनमें से 733.44 कंपनी को बूथ ड्यूटी, 50.06 कंपनी को कानून-व्यवस्था एवं 3.33 कंपनी को स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम की सुरक्षा ड्यूटी में लगाया गया है। इस तरह कुल 786.83 कंपनी केंद्रीय बलों की ड्यूटी लगाई गई है, जबकि शेष को रिजर्व में रखा गया है। इसके अलावा चुनाव में 6860 इंस्पेक्टर व सब इंस्पेक्टर तथा 55670 हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल की भी ड्यूटी रही। साथ ही 18.1 कंपनी पीएसी, 43397 होमगाड्र्स, 930 पीआरडी जवान व 7746 ग्राम प्रहरियों ( चौकीदारों )को भी चुनाव ड्यूटी में लगाया गया है।

WWW.KNSLLIVE.COM

# गाजियाबाद तक पहुंचा हिजाब विवाद, मुस्लिम महिलाओं ने खोड़ा में किया प्रदर्शन, पुलिस से हुई नोंकझोंक



कर्नाटक से शुरू हुए हिजाब प्रकरण अब उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद तक पहुंच गया है। रविवार को गाजियाबाद के खोड़ा इलाके में कुछ युवतियों ने हिजाब के समर्थन में प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस से इन महिलाओं की नोंकझोंक भी हुई। हालांकि, पुलिस ने चेतावनी देते हुए और हल्का बल प्रयोग कर उन्हें मौके से हटा दिया। पुलिस का कहना है कि कोविड काल को देखते हुए प्रदर्शन की अनुमति नहीं ली गई थी। पुलिस इस मामले में मुकदमा दर्ज करेगी। खोड़ा के नवनीत विहार में रविवार दोपहर कुछ मुस्लिम महिलाएं हाथों में %आई वांट हिजाब% लिखे पोस्टर लेकर सड़क पर उतरीं। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और प्रदर्शनकारियों से धारा-144 लगे होने की वजह से प्रदर्शन की अनुमति दिखाने को कहा, लेकिन महिलाओं ने प्रदर्शन की अनुमति दिखाने से मना कर दिया। इसके बाद पुलिस ने उन युतवियों को प्रदर्शन तत्काल समाप्त करने के लिए कहा तो वह जिद पर अड़ी रहीं। इस दौरान पुलिस से उनकी काफी देर तक बहस होती रही। इसके बाद पुलिस की प्रदर्शनकारी महिलाओं के साथ नोंकझोंक व धक्का-मुक्का हो गई। पुलिस का कहना है कि दोपहर करीब ढाई बजे 15-20 मुस्लिम महिलाएं और युवतियों ने आई वांट हिजाब लिखे पोस्टर लेकर शनि बाजार रोड नवनीत विहार में प्रदर्शन शुरू कर दिया था। इस दौरान पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए उनके पोस्टर अपने कब्जे में लेने शुरू किए। बाद में प्रदर्शन करने वाली महिलाएं वहां से चली गईं। धक्का-मुक्की में खोड़ा थाना प्रभारी की वर्दी भी फटने की जानकारी मिली है, लेकिन थाना प्रभारी का कहना है कि वर्दी जाली में फंसकर फट गई थी।

## पहचान के प्रयास में जुटी पुलिस

खाोड़ा थाना प्रभारी ब्रिजेश कुशवाहा का कहना है कि प्रदर्शन करने वाली युवतियों और महिलाओं के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने भी मौके पर वीडियो बनाया था। इसके अलावा आसपास की सीसीटीवी फुटेज भी खंगाली जा रही है। बगैर अनुमति के प्रदर्शन किया गया है जो कि आचार संहिता व धारा-144 का उल्लंघन है।

# ओवैसी के बयान पर सीएम योगी का पलटवार, बोले-देश शरीयत से नहीं संविधान से चलेगा



जिन्ना-गन्ना के बाद अब यूपी की राजनीति में हिजाब विवाद ने जन्म ले लिया है। कर्नाटक से शुरू हुआ हिजाब अब नेताओं की जुबानी जंग बन गया है। हिजाब मामले में जब ओवैसी ने अपनी प्रतिक्रिया दी तो सीएम योगी ने उन पर करारा प्रहार किया। बरेली में निकाले गए रोड शो के दौरान सीएम योगी से हिजाब मामले पर जब सवाल किया गया तो उन्होंने कहा था कि देश संविधान से चलेगा, शरीयत कानून से नहीं। सीएम योगी की इस प्रतिक्रिया के बाद से ओवैसी ने एक जनसभा के दौरान एक बयान दे। ओवैसी ने कहा इंशाअल्लाह एक दिन इस देश में हिजाबी प्रधानमंत्री बनेगी। ओवैसी के इस बयान के बाद सीएम योगी ने उन पर हमला बोला। सीएम योगी ने ओवैसी के बयान पर पलटवार करते हुए एक ट्विट किया। सीएम योगी ने ट्विट पर लिखा, गजवा-ए-हिन्द का सपना देखने वाले तालिबानी सोच के मजहबी उन्मादी यह बात गांठ बांध लें...वो रहें या न रहें। भारत शरीयत के हिसाब से नहीं, संविधान के हिसाब से ही चलेगा।

## यह बोले थे ओवैसी


शनिवार को ओवैसी ने एक जनसभा में कहा था कि अगर हमारी बेटियां फैसला करती हैं कि वह हिजाब पहनेंगी तो अब्बा अम्मी पहले कहेंगे तू पहन देखते हैं उन्हें कौन रोकता है। इसके बाद ओवैसी ने कहा हिजाब पहनेंगे कॉलेज जाएंगे... डॉक्टर बनेंगे...कलेक्टर, एसडीएम बनेंगे... और एक दिन याद रखना... शायद मैं जिन्दा नहीं रहूंगा लेकिन इस देश की एक बेटी हिजाब पहनकर प्रधानमंत्री भी बनेगी।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-
knlslive@gmail.com
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-
एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991
निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371
सुमित गुप्ता
क्यूँ न लिखूँ सच
9458664527

# आज होगा विधान सभा 26 से 10 प्रत्याशियों के मुकद्दर का फैसला

सगीर चंकी पांडे

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा -उत्तर प्रदेश में विधान सभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान शांति पूर्ण सपन्न कराने के लिए बूथ केंद्रो पर पोलिंग पार्टिया पहुंच चुकी है। मतदान कराने के लिए पीठसीन अधिकारियों ने पूर्ण तैयारियां कर ली है। सोमवार को होने वाले विधान सभा चुनाव के दूसरे चरण में मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां पर बूथ केंद्रो पर पहुंच चुकी है। बूथ केंद्रो पर पीठासीन अधिकारियों ने चुनाव कराने की पूर्ण तैयारियां कर ली है। चुनाव अधिकारी ने बताया कि थाना ठाकुरद्वारा में 108 बूथ केंद्र, थाना भोजपुर 69, थाना भगतपुर में 75 व थाना डिलारी में 94 बूथ केंद्र बनाए है। सभी पर पोलिंग पार्टियां शांति पूर्ण मतदान करने के लिए जुट गई। प्रशासन ने की ओर से सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। ठाकुरद्वारा विधान सभा क्षेत्र में भाजपा अजय प्रताप सिंह , कांग्रेस सलमा आगा अंसारी, सपा नवाब जान खां , बसपा मुजाहिद अली , आप पार्टी से शाह फैसल अंसारी सहित 10 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। सभी प्रत्याशी के भविष्य का फैसला विधान सभा 26 क्षेत्र के 370366 मतदाता अपना बोट देकर करेंगे।

# अफसरों ने चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा



मुरादाबाद- विधानसभा क्षेत्र 25 में सोमवार को मतदान के लिए पुलिस व प्रशासन ने लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली है, मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बल के जवान पहुंच चुके हैं। रविवार को मतदान के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया। सीओ महेश चंद्र गौतम के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक सुरेश पाल सिंह कांठ और छजलैट थाना प्रभारी ने पुलिसकर्मियों और पीएसी के साथ मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने डीएसएम इंटर कॉलेज, बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, रहबर रे आम मुस्लिम इंटर कॉलेज, कन्या पाठशाला घोसीपुरा, मान नगर पब्लिक इंटर कॉलेज उमरी कला आदि का जायजा लिया।

# कांठ में 389785 मतदाता करेंगे अपने वोट का प्रयोग



मुरादाबाद- सोमवार को कांठ विधानसभा क्षेत्र 25 में दूसरे चरण का मतदान किया जाएगा। कांठ विधानसभा क्षेत्र में लगभग 389785 मतदाता अपने वोट का प्रयोग करेंगे। इनमें 206112 पुरुष मतदाता जबकि 183652 महिला मतदाता शामिल हैं। कांठ विधानसभा क्षेत्र को पांच जोन और 31 सेक्टर में बांटा गया है। क्षेत्र में 210 मतदान केंद्रों के तहत 449 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। इनमें 199 सामान्य जबकि अन्य क्रिटिकल और वल्नरेबल बूथ हैं। दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के लिए विशेष रूप से सुविधाएं मतदान केंद्रों पर दी जाएंगी। वहीं आदर्श मतदान केंद्रों को डीएसएम इंटर कॉलेज कांठ, पब्लिक इंटर कॉलेज उमरी कला और राजकीय इंटर कॉलेज पाकबड़ा मे बनाया गया है। प्राथमिक विद्यालय घड़ी और प्राथमिक विद्यालय मान नगर में पिंक बूथ यानी सखी आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है यहां महिलाओं के लिए विशेष सुविधाएं रहेंगी। यहां मतदान कर्मी व पुलिसकर्मी भी महिला होंगी।

WWW.KNLSLIVE.COM

# ठाकुरद्वारा में ड्रोन कैमरे से मतदान केंद्रों के आसपास की निगरानी शुरू

मुरादाबाद- क्षेत्र में मतदान केंद्रों के आसपास और सड़कों पर भारी पुलिस तैनात रहेगी वहीं इस बार ड्रोन से भी मतदान केंद्र पर नजर रखी जाएगी। प्रभारी निरीक्षक मोहित चौधरी ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र में कुल 108 मतदान केंद्र और 213 बूथ हैं। इसमें से 23 क्रिटिकल यानी अति संवेदनशील और 18 संवेदनशील हैं। जबकि दो मतदान केंद्र गोपी वाला और सरकड़ा करीम में वल्नरेबल हैं। यानि यहां के मतदाताओं को मतदान से रोका जा सकता है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इन सभी मतदान केंद्रों पर ड्रोन से निगरानी की तैयारी की गई है। इसके लिए रविवार को पूर्वभ्यास भी किया गया। सामान्य मतदान केंद्रों पर काफी पुलिस बल तैनात रहेगा लेकिन क्रिटिकल मतदान केंद्रों पर 25 या और अधिक पुलिस कर्मी और अर्धसैनिक बल के जवान तैनात किए जाएंगे।





## 72 मोबाइल वाहनों में घूमेगा फोर्स

ठाकुरद्वारा। प्रभारी निरीक्षक मोहित चौधरी ने बताया कि इस बार 72 मोबाइल गाड़ियां मतदान केंद्रों की निगरानी में रहेंगी और सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचेगी। मतदान केंद्रों के आसपास के मकानों की छतों पर पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवान तैनात रहेंगे और बारीक से बारीक गतिविधि पर नजर रखेंगे।

## मकानों की छतों से हटवाए गए ईंट पत्थर

ठाकुरद्वारा। मतदान केंद्रों के आसपास स्थित मकानों की छतों की ड्रोन कैमरे से जांच पड़ताल कर छत पर रखे गए ईंट पत्थर हटवाए गए। प्रभारी निरीक्षक मोहित चौधरी ने बताया मतदान केंद्रों के आसपास मकानों की छतों पर एक पत्थर रखे हैं उन्हें चिह्नित कर हटवाया जा रहा है।

WWW.KNLSLIVE.COM

# झंडा पेशी के साथ दरगाह सुल्तान साहब के उर्स का आगाज

मुरादाबाद-पीरगैब स्थित दरगाह हजरत सुल्तान साहब का उर्स शुरू हो गया। इसका आगाज सज्जादा नशीन अली नईम चिश्ती के आवास से झंडा और चादर लाकर दरगाह शरीफ पर पेश किया गया। इससे पहले सज्जादा नशीन के आवास पर कव्वाली की गई। इस मौके पर दरगाह शरीफ पर तमाम सज्जादागान मौजूद रहे। हजरत कामरान बाबा ने सज्जादा नशीन अली नईम चिश्ती सहित अन्य सभी की भी दस्तारबंदी की। इसके बाद लंगर शुरू हुआ। रात में कव्वाली में कव्वालों ने कलाम पेश कर समा बांध दिया। सज्जादा नशीन ने कौम एवं मुल्क की तरक्की के लिए दुआ कराई। शिबली मियां,गुल्लो मियां, नबी खान, इश्तियाक हुसैन, फरीद मियां, आदिल कलीमी, असीम कलीमी, अजीम कलीमी, हैदर सुल्तानी, राशिद सुल्तानी, हाजी खलील खान साबरी, वसीम कलीमी, तोसेफ कलीमी, राजू सुल्तानी, शमीम खान, साहबजा गुड्डु, सैय्यद हाशिम क,दीसी,हसरत सुल्तानी आदि शामिल रहे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर साइकिल सवार, किसान बुरी तरह घायल

सगीर चंकी पांडे

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद- ठाकुरद्वारा - खेत से वापस लौट रहे साइकिल सवार किसान को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी । जिसमें किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल किसान को 108 एंबुलेंस की मदद से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया । जहां चिकित्सकों ने घायल की हालत चिंताजनक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव दूल्हा पुर निवासी रोहता श पुत्र गंगा सिंह रविवार की शाम खेत से शाम के बाद घर वापस अपने घर साइकिल से लौट रहा था तभी गांव के निकट पीछे से आए अज्ञात वाहन चालक ने किसान की साइकिल में टक्कर मार दी। जिसमें किसान बुरी तरह जख्मी सड़क किनारे गिर गया । घायल को उपचार के लिए 108 एंबुलेंस की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने किसान की हालत चिंताजनक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Pharmaceutical production quality

The quality management of medicines being made in Himachal has again been wired and this time one third of the failed medicines of the country have been produced in the state. Out of 27 samples of medicines failed by the Central Drugs Standard Control Organization, nine are made in Himachal. Surprisingly, most of these medicines come in the category of essential and essential for some people as life saving. The standards of medicines have fallen in four industrial centers of the state.So it's not the first time. Repeated seizure of medicines indicates that somewhere the question of quality is being neglected. One reason for this is that the laws relating to drug production are weak. The maximum action is that whenever a sample of a drug fails, the license to produce the drug is canceled for a few days and then the same cycle starts. In relation to Himachal, gradually this negativity is also coming to the fore that the medicines made here are weak in registering their quality.This is also because many aspects of the inspection-testing related to the pharmaceutical industry are being neglected and one of the reasons for this is also said to be lack of proper deployment and equipment in the departmental structure. There is a whole process of investigation related to the sampling, testing of their standards, testing, documentation and method of drug delivery, which has to be completed immediately.This is also because even though Himachal has become the largest pharmaceutical manufacturing hub of the country, but with it the necessary investigative framework is still weak. In the future, Himachal is going to be associated with specialties like Bulk Drug Park and Medical Device Park, that is, when this state will participate in the field of medical science, then the most important thing will be the reliability of production and allocation.The helplessness of the common man is increased by promoting branded medicines instead of producing generic medicines. Of course, patients get most of the medicines in government distribution, but who knows how much nostalgia is hidden in the company of these gifts. Free supply is also fatal if quality is not guaranteed. This is not only a matter of the pharmaceutical industry, but also of ethics associated with the medical profession. Even today, in general, if a person gives importance to his medical examination,So no one knows how many bullets will get in his share. In the name of treatment, if the use of medicines continues to increase by treating the patient as a product, then in every household medicine will be considered a devil too.Who can tell, how many unnecessary confusions are being created in the variety of treatments, or how much 'drug' is in what the public believes to be medicine. Along with the use of medicines, there is also a warning to be safe from them. For example, the way medicines have been scattered for acidity, pain, eyes, deal.In such a situation, it is necessary to know which medicine is necessary in a safe way, which is unnecessary and which is useless. However, there is such an opportunity for the government on the subjects related to the pharma industry in Himachal, so that quality management can be presented in a new way. If all the flaws are removed by doing departmental infrastructural, scientific knowledge, proper training, sampling and careful analysis,

# Sanjeeda Sheikh wore a 'bold' pose in a skin tight bikini dress, watching the video, fans said, 'Beautiful'

Sanjeeda Sheikh has shared a bold video on Instagram where she can be seen posing in a ravishing style on the song 'Mere Rang Mein Rangne ??Wali' from Salman Khan's film Maine Pyaar Kiya. Coming - Sanjeeda Sheikh is wearing a bikini braless dress-Sanjeeda Shaikh is wearing a transparent veil in the video and apart from this she is wearing a bikini-braless dress. She has put on make-up. I have been.Bold video of Sanjeeda Sheikh has gone viral - Sanjeeda Sheikh's bold video has gone viral. It has got 10 thousand likes in 4 hours. While 51 comments have been made by fans on it. Sanjeeda Sheikh has divorced from husband Aamir Ali. He also has a daughter. Sanjeeda Sheikh talks to her 44 lakh followers on social media.Due to this, his fans are also very excited. Sanjeeda Sheikh recently made a video on the song of the film Pushpa: The Rise. Which was well liked. While the fans also commented fiercely on it.Sanjeeda Sheikh has also played an important role in many web series – Sanjeeda Sheikh is a TV actress. She has worked in many television shows. Her roles have been well-liked. She is very active on social media. She often shares her hot and bold pictures and videos. Sanjeeda Sheikh has also played an important role in many web series. Sanjeeda Sheikh has worked with many artists. Sanjeeda Sheikh often shares her bold videos, on which fans comment fiercely.



# Another trouble on Shilpa Shetty, summons issued against actress including sister Shamita, mother Sunanda



Shilpa Shetty's family seems to be caught in a new trouble. Just a few days back, she was in trouble with her husband Raj Kundra. Now Shilpa Shetty, her sister Shamita Shetty and mother Sunanda Shetty have been accused of cheating. The Metropolitan Magistrate Court of Andheri has issued a summons against Shilpa, Shamita and their mother. A businessman named Paraham Amra had filed a fraud complaint against the three at the Juhu police station. The court has asked all three to appear on February 28. Had to pay a loan of 15 lakhs - Actually Paraham Amra is the owner of an automobile agency. He filed a complaint against all three of them through the firm M/s Y&A Legal for cheating of 21 lakhs. Paraham Amra claims that Shilpa's late father Surendra Shetty had borrowed Rs 15 lakh in 2015. He had to repay this loan by January 2017.'Family refuses to repay loan'- Businessman says that Surendra Shetty told his family about this loan. He passed away before he could repay the loan and now Shilpa, Shamita and their mother are refusing to pay the money.Raj Kundra was trapped in the pornography case- Let us tell you that Shilpa Shetty was in the news last year due to the arrest of her husband Raj Kundra. In June, Raj Kundra was arrested for producing pornography videos and showing them on a mobile app. He was released on bail in September. After his release from jail, Raj Kundra denied the allegations against him.

# निर्वाचन कन्ट्रोलरूम में सूचनाओं के प्रेषण हेतु अधिकारियों की तैनाती

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 को स्वंतत्र, निष्पक्ष एवं शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु मा0 आयोग के निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन कार्यालय ( भा0नि0आ0 ) कलैक्ट्रेट मुख्यालय-एटा पर कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। मण्डी समिति से 19 फरवरी को पोलिंग पार्टियो के प्रस्थान के उपरान्त मा0 आयोग एवं मा0 प्रेक्षकगणों को तत्काल समय से अपेक्षित सूचनायें उपलब्ध कराये जाने हेतु जिला कृषि अधिकारी एम0पी0 सिंह एवं जिला ग्रामोद्योग अधिकारी राकेश कुमार सिंह को अधिकारियों की तत्काल प्रभाव से तैनात किया गया है। डीएम ने निर्देश दिए कि तैनात अधिकारीगण निर्वाचन से संबंधित सौंपे गये उत्तरदायित्वों पोलिंग पार्टियों के प्रस्थान एवं 20 फरवरी को मतदान के दिन भेजी जाने वाली समस्त त्रुटिविहिन सूचनाओं का सभी सम्बन्धितों को समय से प्रेषण और प्राप्त सभी शिकायतों का समय से निस्तारण एवं पार्टियों के प्रस्तान के उपरान्त कन्ट्रोल रूम पर अग्रिम आदेशों तक तैनाती का गम्भीरता से ससमय अनुपालन सुनिश्चित करते हुए प्रत्येक प्रेषित की जानी वाली सूचना के संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, एटा के माध्यम से जिलाधिकारी को भी तत्समय अवगत करायेंगे।

## रात्रि 11 बजे से प्रातः 5 बजे तक लागू रहेगा रात्रि कर्फ्यू

एटा। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि कोरोना संक्रमण की दरों में प्रभावी रूप से कमी होने के दृष्टिगत कतिपय छूट प्रदान किए जाने के संबंध में जारी आदेशों को संशोधित करते हुए रात्रि कालीन कर्फ्यू रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक के स्थान पर 14 फरवरी से रात्रि 11 बजे से प्रातः 5 बजे तक लगाए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में एक बैठक का आयोजन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




एटा- विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में एक बैठक का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर रेलवे रोड एटा पर दोपहर 12बजे किया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्व हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान ने की।बैठक मे 14फरवरी को बेलेन्टाइन डे को लेकर तथा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बिचार किया गया। बैठक का संचालन विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री प्रभात कुलश्रेष्ठ ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहाँ कि कल 14 फरवरी के दिन बेलन्टाइन डे को रोकने के लिए बजरंग दल की टीमों को दिये आवश्यक निर्देश बंजरग दल के कार्यकर्ता पूरे जनपद मे निगरानी रखेंगे जिसमे पार्क,रेलवे स्टेशन, रेस्टोरेंट, बस स्टैंड, आदि पर ऐसे लोगों पर पूरी तरह नजर रखी जायेगी तथा पकड़े जाने पर घर बालो को घटनास्थल पर बुलाया जायेगा तथा हनुमान चालीसा भी पढाया जायेगा तथा सभी गिफ्ट कलेकशन बाले दुकानदारो से भी अनुरोध है कि बह 14फरवरी के दिन दुकाने बन्द रखे तथा हम लोगों का सहयोग करे। श्री चौहान ने कहाँ कि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए 15-2-22से 16-2-22तक अभियान चलाया जायेगा जिससे राष्ट्र की एकता व अखण्डता के लिए मतदान का प्रतिशत प्रदेश मे सर्वोच्च रखा जा सके। बैठक मे, प्रभात कुलश्रेष्ठ, आदेश कुमार ,हरीशप्रताप सिंह चौहान, पंकज राठौर, निशा चौहान, विजय गुप्ता,माधवी उपाध्याय, सौरभ सोलंकी, उज्जवल पुंडीर, सुधीर राघव, मुकेश शर्मा, अनिल शाक्य, अभिनव कुलश्रेष्ठ,पवन कुमार अरुण, हरिओम, निशांत,अमरदीप, विनयकुमार, अभय गुप्ता, गुप बाष्णेय,शुभंम पाण्डेय, उदित यादव, हर्षिता गुप्ता, अभी गुप्ता, कुलदीप गौतम, सजल गुप्ता,गौतम गुप्ता, आदि उपस्थिति थे।

# विधायक समर्थकों द्वारा महाराणा प्रताप का बोर्ड ना लगने देने से आया चुनावी भूचाल

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

- अपमान का उबाल अब उफान पर सैकड़ों क्षत्रिय भाजपा छोड बसपा मे हुए शामिल
- स्थानीय विधायक के उत्पीड़न से आहत क्षत्रियों ने किया विरोध का शंखनाद
- बसपा प्रत्याशी योगेश शाक्य को जिताने का लिया संकल्प गांव गांव मे करेंगे पदयात्रा
- किशनपुर- आदि क्षत्रिय गांव के सैकडों क्षत्रियों ने पंवास मे बैठक कर बसपा की सदस्यता ग्रहण की

एटा- । प्राप्त समाचार के अनुसार मारहरा विधानसभा क्षेत्र के गाँव लखनीपुर, किशनपुर, पँवास आदि के क्षत्रिय समाज द्वारा भाजपा के स्थानीय विधायक पर क्षत्रिय समाजनक अपमान करने क्षत्रिय गाँव में महाराणा प्रताप व पृथ्वीराज चौहान का बोर्ड न लगने देने और क्षत्रिय इलाकों में विकास कार्य करने जैसे तमाम आरोप लगाते हुए भाजपा से किनारा करते हुए बहुजन समाज पार्टी में आस्था व्यक्त कर गाँव पँवास पर आयोजित हुई बसपा की बैठक में क्षत्रिय समाज के सैकड़ों लोगों ने बसपा की सदस्यता ग्रहण की है। बसपा के जिलाध्यक्ष बलवीर सिंह भास्कर की गरिमामयी उपस्थिति में प्रमुख रूप से बसपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों के नेतृत्वकर्ता जितेंद्र सिंह चौहान, विनीत सिंह चौहान, किशोर सिंह चौहान, सीटू सोलंकी,पवन चौहान, मोहन चौहान सीआईडी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य, राजू चौहान सुरेश सिंह चौहान शिशुपाल सिंह चौहान, शिवपाल सिंह चौहान, लाल सिंह चौहान, रमन चौहान, कौशल चौहान, राम शरण सिंह चौहान, मनोज सिंह चौहान, अक्षय चौहान ,संजय सिंह चौहान, अभय प्रताप चौहान, संतोष सिंह चौहान, राम प्रताप सिंह चौहान, भानु प्रताप सिंह चौहान, किशनपाल सिंह चौहान, धर्मेंद्र सिंह चौहान, अंकुर सिंह चौहान, रूपेश कुमार चौहान, रवि चौहान, रूद्र प्रताप सिंह चौहान, श्याम सिंह चौहान, प्रदीप चौहान, राजेश चौहान, ओम शिव चौहान, जय शिव चौहान सहित अन्य सैकड़ों सम्मानित क्षत्रिय बंधु उपस्थित थे।

## दामाद ने सास, ससुर को गोलियों से भूना, दोनों की मौत

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज -दामाद ने सास, ससुर को गोलियों से भूना, दोनों की मौत, आपसी विवाद के चलते पत्नी रह रही थी मायके, 20 दिन बाद बुलाने आया था पति, पत्नी को न भेजने पर मारी सास ससुर को गोली, ससुर की अस्पताल ले जाते समय हुई मौत, पत्नी थाने में शिकायत करने गयी थी, तब तक सास ससुर मारी गोली, एसएसपी कासगंज पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुँचे,

# मारहरा पर विधायक का सहयोग तो बहाना है- सली मकसद तो एमएलसी टिकट पाना है

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-वर्तमान विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पूरे उत्तर प्रदेश में जीत का डंका बजाने के इरादे से एक जैसे समान स्वरूप में सभी प्रत्याशियों के सहयोग हेतु खड़ी नजर आ रही है। लेकिन जनपद एटा की 4 विधानसभा सीटें - एटा सदर - अलीगंज - मारहरा तथा जलेसर में यह एकता खंड - खंड होकर स्वार्थ की आग रूपी भट्टी पर खिचड़ी जैसी उवलती हुई नजर आ रही है। बताते चलें कि कुछ दलबदलुओं भगोड़ों तथा स्वार्थ में अंधे स्वामी भक्तों की आंखों पर चमत्कारी चश्मा का जादू इस कदर हावी है,कि यह लोग पार्टी के सिद्धांतों से खुलेआम खिलवाड़ करते हुए निकट भविष्य में ( एमएलसी ) का टिकट प्राप्त करने की दौड़ में सफलता प्राप्त करने हेतु कोई भूलचूक शेष छोडना नहीं चाहते। ऐसे लोग सबसे अधिक लोकप्रिय "तलवा चाट"आइडिया से "एमएलसी" टिकट के अपने समकक्ष अन्य प्रतिद्वंद्वियों को धूल चटाने के लिए मारहरा प्रत्याशी के पाजामा की चैन खोलकर एमएलसी का टिकट प्राप्त करने का रास्ता साफ करने से पहले उसे विधायक बनाने के लिए अपने खून के साथ दगाबाजी करने से भी नहीं चूक रहे हैं। तथा उन्हें अपने मान - सम्मान - स्वाभिमान की भी कोई चिंता नहीं है। यही कारण है कि कुछ ऐसे ही "पगड़ी बंद" जातिय ठेकेदार पूरे समाज की कीमत भुनाने का कोई अवसर नहीं छोड़ रहे हैं। तथा उन्होंने अभी से अपने अपने पालतू सिपहसालारों को भी "एमएलसी" बनने पर करोड़ों के लाभ का लालच देकर भाजपा के इकलौते विधायक प्रत्याशी मारहरा के पक्ष में "परी लाल" के हवाले कर दिया है। तथा खुद को सबसे ताकतवर भाजपाई साबित करने में स्वयं जुटे हुए है। इसी के साथ उन्होंने विधान सभा एटा सदर - जलेसर तथा अलीगंज के विधायक प्रत्याशियों से अघोषित दूरी बनाकर उन्हें भाजपा का नंबर दो प्रत्याशी घोषित कर दिया है। और यह "एमएलसी" टिकट जिज्ञासु मारहरा प्रत्याशी तथा उसके मालिक को ही टिकट दाता मानकर अपनी स्वार्थ पूर्ति हेतु बाकी प्रत्याशियों से दूरी बनाए हुए हैं। और पूरे कुनबा के साथ मारहरा प्रत्याशी पर मेहरबान बने हुए। समूचे मारहरा क्षेत्र में यह चर्चा भी तेजी के साथ गरम है कि यहां के विधायक प्रत्याशी ने चहेतों को जीत के बदले "एमएलसी" का टिकट दिलाने का नकली आश्वासन देकर अपने छल बल से स्वार्थी समर्थकों का विवेक निद्रालीन कर दिया है।

- एमएलसी टिकट की कहानी- मारहरा पर महरबानी
- स्वार्थ खोरों का वल - मारहरा प्रत्याशी का छल

www.knlslive.com

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## पत्रकार के खिलाफ द्वेषपूर्ण कार्यवाही पर कोरिया SP एवं पटना थाना प्रभारी को तत्काल हटाया जाये - गोविंद शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति छत्तीसगढ़ घोर विरोध एवं निंदा करता है। नही हटाये जाने की दिशा में प्रदेश के हर जिले में धरना प्रदर्शन कर विरोध प्रकट किया जायेगा। उसके बाद एक महाधरना रायपुर में किया जायेगा सूरजपुर- अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति छत्तीसगढ़ द्वारा कोरिया जिले के पत्रकार रविरंजन सिंह द्वेषपूर्ण तरीके से की गई एफआईआर का विरोध एवं कोरिया एस. पी. एवं पटना थानाप्रभारी को तत्काल हटाया जाए और पत्रकार पर हुई एफआईआर को तत्काल निरस्त करने की मांग की है. अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद शर्मा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं डीजीपी छत्तीसगढ़ श्री जुनेजा जी अपील करते हुए कहा कि विगत दिनों हमारे कोरिया जिले के पत्रकार साथी रवि रंजन सिंह के द्वारा सोशल मीडिया में वायरल चैट को लेकर एक लेख प्रकाशित किया गया था। जिसमें आपके विभाग के कई कर्मचारियों के नाम सामने आए थे? जिसके चलते पुलिस अधीक्षक बैकुंठपुर की शह पर बिना जांच पड़ताल किये पत्रकार रवि रंजन सिंह के ऊपर फर्जी मामला दर्ज कर दिया गया औरउनके निकट जनों को एक अपराधी की भाँति बिना किसी सर्च वारंट के तथा बिना दूसरे जिले के लोकल पुलिस एवं परिवार जनों को सूचना दिए, सूरजपुर जिले से लाकर पटना थाने में मार पीट की गई, जिसमें एक महिला एवं 13 वर्ष के नाबालिग बच्चे को मानसिक एवं शारीरिक क्षति पहुंची है। अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद शर्मा ने पत्रकार के ऊपर हुई गलत एफआईआर को तत्काल हटाने, पत्रकार की गिरफ्तारी रोकने के साथ पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी को भी तत्काल हटाने की मांग करते हुए बताया कि जो चौथे स्तम्भ का सम्मान नही करते है बल्कि उनसे द्वेष रखते हुए अपने पद का दुरुपयोग कर रहे है जिसका अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति छत्तीसगढ़ घोर विरोध एवं निंदा करता है। नही हटाये जाने की दिशा में प्रदेश के हर जिले में धरना प्रदर्शन दे कर विरोध प्रकट किया जायेगा उसके बाद एक महाधरना रायपुर में किया जायेगा। श्री शर्मा ने सीएम बघेल व डीजीपी के नाम ज्ञापन में उल्लेख कर बताया की पत्रकार का कार्य समाचार प्रकाशित कर समाज में चल रहे बुराई को सामने लाना होता है। जिसके लिए पत्रकार स्वतंत्र होता है। अगर पुलिस प्रशासन इस तरह अपने निजी शत्रुता के लिए अपने पद का गलत इस्तेमाल करता है तो यह कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ है जिसे बर्दाश्त नही किया जा सकता।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-
knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा
प्रधान संपादक
9027776991

निशाकांत शर्मा
सहसंपादक
7906743371

सुमित गुप्ता
क्यूं न लिखूँ सच
9458664527

## भाजपा मंडल बिहारपुर चांदनी में आजीवन सहयोग निधि को लेकर बैठक संपन्न



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर - भारतीय जनता पार्टी मंडल बिहारपुर चांदनी में मंडल कार्यकारिणी के बैठक किया गया जिसमें भारत माता के छाया चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई आजीवन सहयोग निधि को लेकर मुख्य अतिथि अजजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण सिंह उपस्थित थे तथा मंडल प्रभारी जिला मंत्री शिवप्रसाद सिंह जिला विशेष आमंत्रित सदस्य अवध कुमार पाठक मंडल अध्यक्ष रामेश्वर बैस की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता ने किया आजीवन सहयोग निधि को लेकर चर्चा की गई तथा बैठक में ?47000 हजार रुपए एकत्रित किया गया भाजपा मंडल बिहारपुर चांदनी को कुल ?215000 का कूपन मिला है जिसे 1 सप्ताह के भीतर एकत्रित कर जिला संगठन को भेजने के लिए रणनीति तैयार की गई भाजपा मंडल पदाधिकारियों को दो दो कूपन दिया गया अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं से संपर्क कर काटे जाएंगे इस दौरान नव नियुक्त चिकित्सा प्रकोष्ठ मंडल संयोजक राजेश्वरी दुबे को नियुक्ति प्रमाण पत्र दी गई उपाध्यक्ष रामनाथ पाठक सियाराम नाई मंत्री मदनलाल जायसवाल विजय गुर्जर आनंद पाठक कोषाध्यक्ष छोटेलाल यादव पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष कालीचरण काशी अजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष जगदीश साकेत किसान मोर्चा मंडल महामंत्री शिवधन गुप्ता मंडल कार्यकारिणी सदस्य रामप्रताप विश्वकर्मा तेजमणि साहू पूरन सिंह रामसागर गुर्जर भाजयुमो मंडल महामंत्री बीपी जायसवाल रामेश्वर गुप्ता उपाध्यक्ष अखिलेश पंडो व्यापार प्रकोष्ठ मंडल संयोजक देवेन्द्र कुमार गुप्ता सहकारिता प्रकोष्ठ मंडल संयोजक मुकुंद लाल जायसवाल आईटी सेल मंडल संयोजक कन्हैया लाल साहू मीडिया प्रभारी प्रवेश यादव स्थानीय समिति अध्यक्ष रामबिहारी बैस बृजेंद्र साहू रघुनाथ सिंह रामसुभग यादव जगदीश कोल शिवसरन गुप्ता श्यामसुंदर साहू लक्ष्मण जायसवाल सुरेन्द्र पुरी रघुनाथ सिंह रामसकल जायसवाल शिवशंकर साकेत शिवप्रसाद मालिक चंद बैस प्रमोद यादव प्रताप सिंह संजय जायसवाल सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सूरजपुर जिले के पत्रकारों ने CM, DGP के नाम का ज्ञापन सौपा



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- कोरिया जिले के पत्रकार पर फर्जी अपराध दर्ज करने के मामले में अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति छत्तीसगढ़ जिला सूरजपुर की टीम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं डीजीपी छत्तीसगढ़ अशोक जुनेजा के नाम का ज्ञापन पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल को सौपा है. अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द शर्मा के निर्देश पर जिला अध्यक्ष राजेश सोनी नेतृत्व में पत्रकार साथियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया. जिसमे बताया गया कि कोरिया जिले के पत्रकार साथी रवि रंजन सिंह के द्वारा सोशल मीडिया में वायरल चैट को लेकर एक लेख प्रकाशित किया गया था. जिसमें विभाग के कई कर्मचारियों के नाम सामने आए थे और वहा के पुलिस अधीक्षक की शह पर बिना जांच पड़ताल किये पत्रकार रवि रंजन सिंह के ऊपर फर्जी मामला दर्ज कर दिया गया और उनके निकट जनों को एक अपराधी की भाँति बिना किसी सर्च वारंट के तथा बिना दूसरे जिले के लोकल पुलिस एवं परिवार जनों को सूचना दिए, सूरजपुर जिले से लाकर पटना थाने में मार पीट की गई, जिसमें एक महिला एवं 13 वर्ष के नाबालिग बच्चे को मानसिक एवं शारीरिक क्षति पहुंची हैअखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद शर्मा ने पत्रकार के ऊपर हुई गलत एफआईआर को तत्काल हटाने, पत्रकार की गिरफ्तारी रोकने के साथ पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी को भी तत्काल हटाने की मांग करते हुए बताया कि जो चौथे स्तम्भ का सम्मान नही करते है बल्कि उनसे द्वेष रखते हुए अपने पद का दुरुपयोग कर रहे है जिसका अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति छत्तीसगढ़ घोर विरोध एवं निंदा करता है। नही हटाये जाने की दिशा में प्रदेश के हर जिले में धरना प्रदर्शन दे कर विरोध प्रकट किया जायेगा उसके बाद एक महाधरना रायपुर में किया जायेगा. अगर पुलिस प्रशासन इस तरह अपने निजी शत्रुता के लिए अपने पद का गलत इस्तेमाल करता है तो यह कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ है जिसे बर्दाश्त नही किया जा सकता. इस फ़ौरन नगर के वरिष्ठ पत्रकार ओमकार पाण्डेय सहित इमाम हसन, कोशलेन्द्र यादव, रामरोज खान, अमीर खान, नितेश गुप्ता, नीरज साहू,हासिम खान उपस्थित रहे.

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# हिजाब नहीं पहनने पर होता है महिलाओं का बलात्कार; कांग्रेस नेता का अटपटा बयान




कर्नाटक में हिजाब को लेकर छिड़ा विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इस विवाद के बीच कई नेताओं के बिगड़े बोल दिखे। इसी बीच हिजाब को लेकर कांग्रेस नेता जमीर अहमद का एक अटपटा बयान सामने आया है। जमीर ने कहा कि हिजाब नहीं पहनने की वजह से महिलाओं का बलात्कार होता है। उनके इस बयान का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत करते हुए कर्नाटक के हुबली में कांग्रेस नेता जमीर अहमद ने कहा कि इस्लाम में हिजाब का मतलब %पर्दा% होता है। यह पर्दा महिलाओं की सुंदरता को छिपाने के लिए होता है। कांग्रेस नेता यहीं नहीं रुके। उन्होंने आगे कहा कि भारत में सबसे ज्यादा बलात्कार होते हैं। उन्होंने कहा कि हिजाब नहीं पहनने पर महिलाओं का बलात्कार होता है।

## हिजाब विवाद पर ओवैसी का बयान

वहीं, रविवार को ही ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (ढ्ढस्ढ्ढरू) के प्रमुख और लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी का कहना है कि एक दिन हिजाब पहनने वाली लड़की भारत की प्रधानमंत्री बनेगी। उनका यह बयान कर्नाटक में जारी हिजाब विवाद के बीच आया है। आपको बता दें कि उडुपी के एक सरकारी कॉलेज में मुस्लिम छात्रों के एक समूह को हिजाब पहनने के कारण उनके क्लास में प्रवेश करने से रोक दिया गया था।

एआईएमआईएम चीफ ओवैसी ने रविवार को एक वीडियो ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने कहा कि हिजाब पहनकर महिलाएं कॉलेज जाएंगी, जिला कलेक्टर, मजिस्ट्रेट, डॉक्टर, व्यवसायी वगैरह बनेंगी।

## कर्नाटक में हिजाब विवाद

कर्नाटक हिजाब विवाद तब शुरू हुआ जब युवा मुस्लिम छात्राओं के एक समूह को हिजाब पहनने के कारण उडुपी जिले के एक सरकारी कॉलेज में प्रवेश नहीं करने दिया गया। यह मुद्दा पूरे राज्य में फैल गया। कई कॉलेजों और स्कूलों ने इसी तरह के फरमान जारी किए। छात्रों के विरोधी समूहों ने शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने के अधिकार के खिलाफ और विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। मुस्लिम लड़कियों का विरोध करने वालों ने भगवा स्कार्फ पहन रखा था और विचारधारा में टकराव कुछ इलाकों में हिंसक हो गया। इस मुद्दे पर राष्ट्रीय राजनीतिक दलों द्वारा एक-दूसरे पर हमला करने के साथ विवाद और बढ़ गया। विरोध अब देश के विभिन्न हिस्सों में फैल गया है और मामला वर्तमान में उच्च न्यायालय में है।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-
knlslive@gmail.com
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-
एन.राज शर्मा — प्रधान संपादक — 9027776991
निशाकांत शर्मा — सहसंपादक — 7906743371
सुमित गुप्ता — क्यूँ न लिखूँ सच — 9458664527

# उत्तराखंड की नई सरकार के लिए 14 को मतदान,पांचवीं विधानसभा के लिए 82 लाख मतदाता चुनेंगे 70 विधायक




उत्तराखंड की पाचवीं निर्वाचित विधानसभा के लिए सोमवार को मतदान होने जा रहा है। रविवार शाम तक सभी बूथों पर पोलिंग पार्टियां पहुंच चुकी हैं। विधानसभा चुनाव 2022 के लिए मतदान 14 फरवरी सुबह आठ बजे से शाम छह बजे के बीच होगा। पिछली बार प्रदेश में कुल 65.56 प्रतिशत मतदान हुआ था, इस बार निर्वाचन आयोग के सामने कोविड के चलते मत प्रतिशत बढ़ाने की भी चुनौती होगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या ने रविवार को प्रेस वार्ता में बताया कि राज्य के सभी 11697 बूथों पर पोलिंग पार्टियां मतदान के साजो सामान के साथ पहुंच चुकी हैं। कुल 82.66 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस बार आयोग ने मतदान के लिए एक घंटे का अतिरिक्त समय दिया है। इस कारण शाम छह बजे तक मतदान सम्पन्न होगा। साल 2012 और 2017 में क्रमश 67.22 और 65.56 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ था, इस बार आयोग मत प्रतिशत में बढ़ोत्तरी की उम्मीद जता रहा है। इधर, डीजीपी अशोक कुमार ने बताया कि मतदान के दिन सभी राज्य और जिला बॉर्डर पर हर वाहन की जांच होगी। निजी कार्य से कहीं भी वाहन से आने जाने पर कोई रोक नहीं है, कोई पर्यटक या तीर्थ यात्री उत्तराखंड आ सकता है। लेकिन किसी भी स्थिति में इसका इस्तेमाल चुनाव संबंधित कार्यों के लिए नहीं होने दिया जाएगा।

## सीमावर्ती राज्यों में भी अवकाश

सौजन्या ने बताया कि उत्तराखंड में मतदान को देखते हुए सीमावर्ती राज्यों यूपी, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश ने भी इन राज्यों में कार्यरत उत्तराखंड के मतदाताओं के लिए सवेतन अवकाश की घोषणा की है। इसके साथ ही अधिक से अधिक मतदान के लिए निर्वाचन आयोग ने संपूर्ण उत्तराखंड में सोमवार को सम्पूर्ण सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। यदि अवकाश के बदले किसी कर्मचारी या मजदूर का वेतन, मजदूरी में कटौती की गई तो उनके ऐसे नियोजकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अब तक 43 हजार कर चुके मतदान

प्रदेश में 43,048 मतदाता पहले ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं। इसमें सर्विस वोटर, निर्वाचन कर्मी और घर से मतदान करने वाले मतदाता शामिल है। निर्वाचन आयोग ने इस श्रेणी में कुल 1,57,216 मतपत्र जारी किए थे। आयोग ने स्पष्ट किया है कि जिन मतदाताओं को पोस्टल बैलेट जारी किए थे यदि उन्होंने पोस्टल बैलेट से मतदान नहीं किया है तो अब वो बूथ पर वोट नहीं दे पाएंगे।

कुल मतदाता - 82,66,644
पुरुष - 42,38,890
महिला - 39,32,995
अन्य - 288
सर्विस वोटर - 94,471
कुल बूथ - 11,697
माइग्रेट बूथ - 24
शतायु वोटर - 1,556
बर्फबारी प्रभावित - 766
हेल्पलाइन नंबर 1905

# चुनाव ड्यूटी में रोडवेज बसें, दिल्ली सहित पहाड़ी रूटों पर यात्रियों की फजीहत;टैक्सियों के दाम बढ़े

रोडवेज और केमू की बसें विधानसभा चुनाव ड्यूटी पर लगाई गई हैं। ऐसे में शनिवार को हल्द्वानी बस स्टेशन पहाड़ी क्षेत्रों के लिए एक भी गाड़ी नहीं लग पाई। बस न मिलने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। 5 से 6 घंटे तक इंतजार करते हुए लोग इधर-उधर भटकते रहे। वहीं टैक्सियां भी प्रशासन के अधिग्रहित करने से यात्रियों पर दोहरी मार पड़ी। जो टैक्सियां उपलब्ध हुईं तो उनके चालकों ने मनमाना किराया वसूला। मजबूरी में लोग ज्यादा किराया देकर गंतव्य को गए। परिवहन विभाग ने चुनाव ड्यूटी के लिए पूरे कुमाऊं से पहाड़ी रूटों की करीब 370 प्राइवेट और 200 रोडवेज बसों को अधिग्रहित किया है। सोमवार को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। शनिवार को दूरस्थ मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई हैं। ऐसे में शुक्रवार शाम तक सभी अधिग्रहित बसें आवंटित जिलों को भेज दी गई थीं। इसलिए शनिवार सुबह




से ही हल्द्वानी रोडवेज व केमू बस स्टेशन में पहाड़ की एक भी बस नहीं थी।

## टैक्सी चालकों ने 5 गुना किराया वसूला

बसों के साथ ही सभी जिलों की टैक्सी और जीपों को चुनाव ड्यूटी के लिए अधिग्रहित किया है। ऐसे में टैक्सी संचालन भी प्रभावित रहा। बसें न होने पर सवारी टैक्सी न मिलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्टेशन के पास भटक रहे यात्रियों ने बताया कि जिस क्षेत्र में जाने के लिए सामान्य दिनों में 100 रुपये टैक्सी का किराया लिया जाता है, वहां के लिए चालक 500 रुपये तक प्रति व्यक्ति किराया मांग रहा था। टैक्सी चालकों ने मौके का काफी फायदा उठाया।

सुबह करीब 8 बजे रामनगर से हल्द्वानी केमू स्टेशन पहुंचा। बागेश्वर घर है और वोट देने के लिए जा रहा था। लेकिन 10 बजे तक भी बस नहीं मिली, ऐसे में काफी परेशानी हुई।- नारायण राम

मेरा फोटोग्राफी का काम है। 13 से 15 फरवरी तक की बुकिंग पर रानीखेत जाने के लिए सुबह 9 बजे केमू स्टेशन आ गया था। लेकिन 1 भी बस न मिलने की वजह से काफी देर इंतजार करना पड़ा। -राजू सती

हल्द्वानी में एक प्राइवेट कम्पनी में का करता हूं और वोट देने के लिए रानीखेत अपने घर जा रहा था। लेकिन बस स्टेशन पर पहुंचा तो पता चला कि बसें चुनाव ड्यूटी पर गई हैं। -मोहन सिंह बिष्ट

एक पारिवारिक समारोह में खैरना जाने के लिए शनिवार सुबह रामनगर से हल्द्वानी आई थी। लेकिन केमू स्टेशन में बस नहीं मिली। चुनाव ड्यूटी के लिए बस लगाई जा रही हैं तो जनता का भी ध्यान रखना चाहिए -मुन्नी देवी

# प्रेक्षकगणों ने उम्मीदवारों को पढ़ाया

## आदर्श आचार संहिता का पाठ

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक विधानसभा क्षेत्र 289-भिनगा डा0 पी0 भास्कर आई0ए0एस0, विधानसभा क्षेत्र 290-श्रावस्ती हेतु नियुक्त सिद्धार्थ मिश्रा आई0ए0एस0 जनपद श्रावस्ती हेतु दोनो विधान सभाओं हेतु नियुक्त व्यय प्रेक्षक सत्य प्रकाश सिंह आई0आर0एस0 एवं पुलिस प्रेक्षक डा0 राजेन्द्र माने की अध्यक्षता में निर्वाचन लड़ने वाले समस्त उम्मीदवारों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर प्रेक्षकगणों ने निर्वाचन लड़ने वाले समस्त उम्मीदवारों से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत अनुपालन करने की अपील की है। प्रेक्षकगणों ने समस्त उम्मीदवारों को चुनाव आयोग की गाइड लाइन यथा-प्रचार, रैली, रोड-शो, पदयात्रा, साइकिल, बाइक वाहन रैली, जुलूस, डोर-टू-डोर कैम्पेन, आउट डोर इन डोर मीटिंग्स, रैलियों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। बैठक में सामान्य प्रेक्षक 289-भिनगा ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के दृष्टिगत निर्वाचन को सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं व्यस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से निर्वाचन लड़ने वाले समस्त उम्मीदवारों एवं सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश के अनुसार टीम भावना के साथ कार्य करके निर्वाचन को व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न करायें।

WWW.KNLSIVE.COM

# 2 मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार



हारून बॉक्स
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद पुलिस अधीक्षक अशोक कुमारमीणाके निर्देशन मेंअपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा व कायमगंज के पर्यवेक्षण में थाना शमशाबाद में अपराधी 1. रामवीर पुत्र छोटेलाल 2.ध्रुव पुत्र श्याम सुंदर निवासी ग्राम कैथोलिया जनपद हरदोई को बिरयाडाडा तिराहे थाना शमशाबाद से गिरफ्तार कर लियागया जिनके पास बरामद 315 बोर का एक एक तमंचा व 315 बोर एक एक जिंदा कारतूस लूट व चोरी किए ?25000 दो मोटरसाइकिल अपाचे यू0पी0 6458 व होंडा शाइन यू0पी0 2945 बरामद हुई दोनों ही मोटरसाइकिलों को सीज किया गया और कब्जेमें लिया गया वहीं मौके से1. शोभित पुत्र उमेश 2. राधा कृष्ण पुत्र अरुण कुमार 3. रोहित उर्फ पोता पुत्र शमशेर निवासी ग्राम सरजी पुर थाना शहर कोतवाली जनपद हरदोई 4.पवन पुत्र राजेंद्र निवासी ग्राम कैथोलिया थाना शहर जनपद हरदोई मौके से से भाग गए जिनकी तलाश पुलिस को अभी जारी है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाया जा रहा 'मतदाता जागरूकता कार्यक्रम




लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार एवं मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्वीप ईशान प्रताप सिंह के अगुवाई में जिले में निरन्तर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है ताकि आगामी 27 फरवरी 2022 को होने वाले लोकतंत्र के महापर्व में जिले के मतदाता शतप्रतिशत सहभागिता निभाकर लोकतंत्र में मजबूत बना सके। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं जिस के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह निरंतर कार्टून श्रृंखला के माध्यम से आम मतदाताओं को 27 फरवरी 2022 को शत प्रतिशत मतदान के जाने की अपील करते हैं। उसी श्रृंखला के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा आज एक कार्टून जारी किया गया, जिसमें महिलाएं सशक्तिकरण को लेकर के यह नारे लगा रही हैं सजग मतदाता, सघन मतदान, स्वर्ग बनेगा हिंदुस्तान कार्टून के माध्यम से यह महिलाएं इस नारे को प्रतिज्ञा के रूप में लेकर आम जनमानस को मतदान के लिए प्रेरित कर रही हैं उन्होने बताया कि 27 फरवरी 2022 को जनपद में शत प्रतिशत मतदान की प्रतिबद्धता को लेकर 500 ग्राम पंचायतों में स्लोगन राइटिंग का काम जोर शोर से चल रहा है, जिसमें अनेक जागरूकता स्लोगन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किए जाने का कार्य संपादित है। इसी क्रम में लगभग 20000 स्थानों पर पंपलेट चस्पा किए गए हैं एवं कैलेंडर के माध्यम से लोगों को जागरूक किए जाने का भी प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में स्काई लांटर्न को आकाश में उड़ा कर मतदाताओं को मतदान के संबंध में जागरूक के जाने का कार्य भी किया जाएगा 27 फरवरी से पूर्व अनेक योजनाएं तैयार करते हुए मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा

# महिला गंगा आरती पूर्णानंद घाट में महिलाओं को किया सम्मानित



एन.राज शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

ऋषिकेश- गंगा आरती ट्रस्ट, पूर्णानंद घाट में महिलाओं द्वारा की जा रही गंगा आरती में महिलाओं द्वारा राष्ट्रीय महिला दिवस पर गंगा के पावन तट पूर्णानंद घाट पर महिलाओं के समान अवसर, नेतृत्व,सुखद समन्वय एवं उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की गई। महिलाओं का उत्साहवर्धन करने व उनमें छुपी प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए गंगा आरती की गई। श्रीमती शांति सिंह ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज किसी भी क्षेत्र में महिलायें पुरुषों से कम नहीं हैं। उन्होंने महिलायें को अपनी क्षमताओं को समझने, अपने सपनों को बुनने और जीवन में आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। शान्ति सिहं कहा कि जब हम औरतें आज़ादी की बात करते हैं तो उससे हमारा मतलब सिर्फ स्वयं के लिए सोचने के लिए आजादी से होता है। हमें फैसले करने की आज़ादी, विचारों की आज़ादी, अच्छा बुरा तय करने की आज़ादी, इंकार करने की आज़ादी चाहिए। इसके लिए हम किसी भी स्थिति परिस्थिति में हों हमें शिक्षित होना पड़ेगा। शिक्षा से साहस व सही निर्णय लेना हर महिला के उत्थान का मजबूत आधार है। सोनिया राज ने बताया कि हर महिला कि सफलता के पीछे एक पुरुष का साथ होता है। ऐसे ही मेरी सफलता के पीछे मेरे पति उदय रियाल का साथ है। उन्होने मेरा हर कदम पर साथ निभाया व मेरे हौसले को कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया। डॉ. ज्योति शर्मा ने कहा कि महिलाओं की समाज में बहुत अहम भूमिका है। लिंग समानता की बढ़ रही मुश्किलों के बावजूद विज्ञान,टेक्नालोजी व शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान है उन्होंने कहा कि भारत में राष्ट्रीय महिला दिवस स्वतंत्रता सेनानी और भारत कोकिला कही जाने वाली सरोजिनी नायडू के जन्मदिन 13 फरवरी को मनाया जाता है।सरोजनी नायडू बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि की संपन्न रहने वाली कवियित्री थीं. उन्हें महात्मा गांधी ने भारत कोकिला का खिताब दिया था. आजादी की लड़ाई में उन्होंने पुरुष स्वतंत्रता सेनानियों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर गांधी जी के आंदोलनों में भाग लिया और हर जगह अपने नेतृत्व का प्रभाव छोड़ा था. वे हमेशा ही महिलाओं को आगे आने के लिए प्रेरित करती रहती थीं. वे आज के भारत की हर नारी के लिए आदर्श उदाहरण के रूप में याद की जाती हैं। सुशीला सेमवाल जी ने कहा कि कहा कि महिलाओं और बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की जरूरत है। महिला गंगा आरती में मुख्य रूप से गंग सबला मंजू देवी, उषा देवी, सुनीता जी, अनीता जी, सरिता जी आज महिलाओं को सम्मानित किया गया।

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527